# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–15 दिसम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की आज पचहत्तरवीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सहित अनेक नेताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उधर, लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का नाम आते ही प्रत्येक भारतवासी के मन में श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता का भाव स्वतः जागृत हो जाता है। देश की एकता और अखंडता के लिए उनका अविस्मरणीय योगदान हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

***स्वतंत्र भारत में भारत की व्यवस्था कैसे होनी चाहिए और कैसा भारत हमें चाहिए भारत के अंदर की उन सभी रियासतो को जिनकी संख्या देश के अंदर उस समय 567 थी। इन 567 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बना करके वर्तमान भारत का जो स्वरूप है अगर सही मायने में कहे तो इस वर्तमान स्वरूप के शिल्पी के रूप में यह भारत सदैव लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का स्मरण करेगा।***

**********

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि सरकार हवाई किरायों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय के अंतर्गत टैरिफ निगरानी इकाई को और मजबूत करेगी। राज्यसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री नायडू ने बताया कि घरेलू मार्गों के साथ अब अंतर्राष्ट्रीय मार्गों के किराये की भी निगरानी की जा रही है।

**जो टैरिफ मॉनिटरिंग यूनिट हमारी डीजीसीए में है, उसको भी और सशक्त करके और सारे रूट हम मॉनिटर कर रहे हैं। इंटरनेशनल रूट्स में भी मॉनिटर करने का किया है, क्योंकि हम वो दवाब एयरलाइंस पर भी हम डालना चाहेंगे कि इस तरह से अपोरच्युनिटी सिर्फ प्राइसिंग के सिच्युएशन जो कभी–कभी जो बन जाती है, वो न हो।**

**********

श्री राज कुमार गोयल ने आज मुख्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में श्री गोयल को शपथ दिलाई।

**********

काशी–तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत आज विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। एक रिपोर्ट–

***तमिलनाडु से आये आध्यात्मिक दल हनुमान घाट पहुंच कर गंगा स्नान के पश्चात वहां प्राचीन मंदिरों में दर्शन–पूजन किया। प्रतिनिधिमण्डल को मंदिरों के इतिहास और उनकी भव्यता के बारे में जानकारी दी गयी। इसके बाद प्रतिनिधिमण्डल हनुमान घाट स्थित महान तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती के घर का भ्रमण किया। प्रतिनिधिमण्डल के एक सदस्य ने कहा कि काशी और तमिलनाडु में काफी समानता है। यहां की संस्कृति और हमारी संस्कृति एक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन लगातार होने चाहिए ताकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार किया जा सके। वाराणसी से मनीष सिंह की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज वाराणसी पहुंच कर बाबा विश्वनाथ का दर्शन–पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाकाल की नगरी से बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में आना बहुत ही सौभाग्य और पुण्य की बात है। उन्होंने नव नियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को बधाई भी दी।

**********

रेलवे ने पच्चीस राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में विद्युतीकरण का निन्यानबे प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया है। मंत्रालय के अनुसार दो हजार उन्नीस से दो हजार पच्चीस के बीच तैंतीस हजार किलोमीटर से अधिक रेलमार्गों का विद्युतीकरण किया गया है। यह लगभग जर्मनी के पूरे रेलवे नेटवर्क के बराबर है।

**********

केन्द्रीय मंत्री जीतन राम माझी ने आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि उद्यम पोर्टल में अभी तक सात करोड़ से अधिक लघु और माध्यम उद्यमों ने पंजीकरण कराया है। इससे देश में लगभग इकतीस करोड़ लोगों को रोजगार मिला है।

**********

श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन के प्रमुख स्तंभ और पूर्व सांसद डॉक्टर रामविलास वेदांती का आज मध्य प्रदेश के रीवा में इलाज के दौरान निधन हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डॉक्टर वेदांती का जाना एक युग का अवसान है।

**********

कौशाम्बी जिले में महेवा घाट थाना क्षेत्र के कुआंडीह गांव के पास बीती रात एक बाइक और ट्रैक्टर के बीच हुयी टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया और घायल व्यक्ति को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

**********

प्रदेश के कई पूर्वी और पश्चिमी जिलों में ठंड और कोहरे का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पूर्वी और पश्चिम हिस्सों में आज और कल कहीं–कहीं घना एवं कुछ स्थानों पर अत्यधिक घना कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान है। दिसम्बर के दूसरे पखवाड़े में तेजी से ठंड बढ़ने की सम्भावना है।

**********